संख्या- 51/2016/2102/30-3-16-6बी/2014

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ:दिनॉक 17 अगस्त, 2016

विषय :- वित्तीय वर्ष 2016-17 में आयोजनागत पक्ष में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1253स0सु0/2016-73स0सु0/2015-16, दिनॉक 29-07-2016 के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोष प्रबन्धन समिति की बैठक दिनॉक 02-12-2014 में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कराये जाने वाले कार्यों के लिये वित्तीय वर्ष 2015-16 के आयोजनागत पक्ष में निम्नलिखित कार्यों हेतु शासनादेश संख्या-5/2016/94/30-3-16-06बी/2014, दिनॉक 18 जनवरी, 2016 द्वारा रू0 95,000 हजार (रू0 नौ करोड़ पचास लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है।

2- उक्त निर्गत की गयी धनराशि अपरिहार्य कारणों से दिनॉक 31-03-2016 तक सम्पूर्ण व्यय नहीं की जा सकी। उक्त अवशेष धनराशि रू0 61500 हजार (रू0 छः करोड़ पन्द्रह लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2016-17 में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्य हेतु उनके सम्मुख विवरण एवं धनराशि के अनुसार व्यय किये जाने की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्रमांक	मद	वित्तीय वर्ष 2015-16 में स्वीकृत धनराशि (हजार रूपये में)	दिनॉक 31-03-2016 तक व्यय की गयी धनराशि (हजार रूपये में)	वित्तीय वर्ष 2015-16 में अवशेष धनराशि (हजार रूपये में)	वित्तीय वर्ष 2016-17 में व्यय हेतु स्वीकृत धनराशि (हजार रूपये में)
(अ)	यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार	48000	33500	14500	14500
(अ-1)	प्रशिक्षण	1500	00	1500	1500
(अ-2)	ब्रेथ एनालाइजर का क्रय	800	00	800	800
(ब)	सड़क सुरक्षा सेल के अधिकारियों/कर्मचारियों क वेतन	15660	00	15660	15660
(स)	क्रय किये गये वाहनों/ उपकरणों का अनुरक्षण, मरम्मत, कार्यालय व्यय /रख-रखाव, सेल हेतु टेलीफोन आदि विभिन्न मदों पर व्यय	29040	00	29040	29040
	योग -	95,000	33500	61500	61500

(1) आवंटित धनराशि को व्यय करने से पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनॉक 30-03-2015 तथा क्रय संबंधी मामलों में उद्योग विभाग द्वारा समय-

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

समय पर जारी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय एवं जहॉ टेण्डर आदि की आवश्यकता हो, वहॉ उसका नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(2) इसके अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त धनराशि का प्रदेशन (एलाटमेण्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। व्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्सियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

3- उपरोक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आयोजनागत पक्ष के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-001-निदेशन तथा प्रशासन-800-अन्य व्यय-05-उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष से व्यय-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
विशेष सचिव।

संख्या- 51/2016/2102(1)/30-3-2016, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मुहम्मद अख़लाक़ खॉ)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।